>

Title: Regarding introduction of new trains and Railway works in Pali Parliamentary Constituency and Bhopalgarh in Rajasthan.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं यहां पर बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करना चाहता हूं। आज देश को आजाद हुए 64 साल हो गये हैं, लेकिन हमारा पाली और जालौर जिला इतने सालों के बाद भी ट्रेन के द्वारा दिल्ली और जयपुर से जुड़ा हुआ नहीं है। मैं ट्रेन की व्यवस्था करने के लिए इस विषय को आपको बताना चाहता हूं, आपके ध्यान में इस बात को लाना चाहता हूं। ऐसी स्थिति में जब लाखों की संख्या में हमारे लोग यहां पर मजदूरी करने के लिए आते हैं और हमारे यहां के लाखों आदमी देश में इधर-उधर जाते हैं, इसलिए मैं डायरेक्ट ट्रेन के लिए आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि भीलड़ी से भीनमाल, भीनमाल से जालौर, जालौर से लुणी, पाली होते हुए अजमेर, जयपुर होते हुए दिल्ली के लिए रेलगाड़ी चलायी जाये।

महोदय, मैं दूसरी मांग यह करता हूं कि बिलाडा से बर नई रेल लाईन सर्वे में आ चुकी है, मैं मांग करता हूं कि जल्दी से जल्दी यह सीधी लाईन जोड़ी जाये। मैं आपसे एक नयी मांग कर रहा हूं कि पिपाड़ रोड से भोपालगढ़, असोप, शंखवास होते हुए मुण्डवा तक सीधी लाईन। इससे रेलवे को बहुत फायदा होगा। आज 64 साल हो गये हैं, लेकिन वहां के लोगों ने रेल की सीटी नहीं सुनी है। वहां पर रेल की सीटी सुनाने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वहां पर ट्रेन चालू की जाये। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द।

सभापति महोदय : श्री अर्जुन राम मेघवाल, श्री देवजी एम. पटेल और श्री शिवकुमार उदासी अपने आप को श्री बद्रीराम जाखड़ जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।